निगम आयुक्त ने ली गोकुल नगर के... पृष्ठ 2 | रत्नों के समान मूल्यवान है... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 10 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 29, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम : मोदी



**अकोला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जिस किसी राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, वह राज्य पार्टी के च्शाही परिवारज् के लिए एटीएम बन जाता है। मोदी ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अकोला में एक चुनाव प्रचार रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम महाराष्ट्र को कांग्रेस का एटीएम नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के शाही परिवार को चुनौती देता हूं कि वे साबित करें कि उन्होंने कभी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थ का दौरा किया है। मोदी ने आंबेडकर के जन्म स्थान महू, ब्रिटेन में अध्ययन के दौरान लंदन में उनके रहने की जगह, नागपुर में उनके बौद्ध धर्म अपनाने से संबंधित दीक्षा भूमि, दिल्ली में उनके च्महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई में 'चैत्य भूमि' को दर्शाने के लिए च्पंचतीर्थज् शब्द का इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने एक हैं तो सेफहैं मंत्र का पालन करते हुए कांग्रेस की साजिश विफल कर दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस को पता है कि जब देश कमजोर होगा, वह सिर्फ तभी मजबूत हो पाएगी। उस पार्टी की नीति एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा कर देना है। विधानसभा चुनाव के लिए अकोला की रैली में उन्होंने कहा कि हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएमबन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि च्जहां कांग्रेस सरकार बन जाती है, वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है। इन दिनों हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटका जैसे राज्य ये कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम बन गए हैं। इन दिनों महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली डबल हो गई है। आरोप है कि कर्नाटक में इन लोगों ने शराब के दुकानदारों से 700 करोड़ रुपए की वसूली कराई है। आप कल्पना कर सकते हैं, जो कांग्रेस पार्टी घोटाले करके चुनाव लड़ रही हो, वो चुनाव जीतने के बाद कितने घोटाले करेगी! हमें महाराष्ट्र में बहुत सावधान रहना है। हम महाराष्ट्र को महाअघाड़ी के महाघोटालेबाजों का एटीएम नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अकोला की रैली में दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लोगों एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि च्कांग्रेस पार्टी जानती है, देश जितना कमजोर होगा, कांग्रेस उतनी मजबूत होगी। और जब कांग्रेस मजबूत होगी तो देश मजबूर हो जाएगा। अलग-अलग जातियों को लड़ाना, कांग्रेस की फितरत है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने कभी एससी समाज को, हमारे दलित समाज को एकजुट नहीं होने दिया। कांग्रेस ने हमारे जनजातीय समूह, आदिवासी समाज हमारे एसटी समाज को भी अलग-अलग जातियों में बांटकर रखा। ओबीसी का नाम सुनते ही कांग्रेस चिढ़ जाती है। ओबीसी समाज की अलग पहचान न बने, इसके लिए कांग्रेस ने भांति-भांति के खेल खेले हैं। अगर आप अलग-अलग जातियों में बंटकर झगड़ा करेंगे तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी। यही उसकी चाल है, यही उसका चरित्र है। इसलिए आपको कांग्रेस की इस खतरनाक साजिश से सावधान रहना है। आपको याद रखना है- एक हैं, तो सेफ हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि च्इन दिनों पूरा देश एक और संवेदनशील विषय को लेकर चिंतित है। जम्मू कश्मीर विधानसभा में कांग्रेस और उसके साथियों ने आर्टिकल-370 को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास किया है। जम्मू-कश्मीर में 370 फिर से लगाना यानी, राज्य में बाबा साहब के संविधान को फिर से जम्मू-कश्मीर से बाहर निकालना है। ये हमारी संविधान के प्रति श्रद्धा थी। ये हमारी बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा थी। हमने 370 की दीवार को तोड़ दिया और बाबा साहेब के संविधान को जम्मू-कश्मीर में लागू कर दिया। और जब बाबा साहेब का संविधान लागू हुआ न, तब जा करके, 370 हटने के बाद, 75 साल के बाद पहली बार कश्मीर और जम्मू के दलितों को आरक्षण मिला। कांग्रेस जानती है इसी 370 की वजह से कश्मीरी हिंदुओं को अपना घर छोड़कर भागना पड़ा था। ये जम्मू-कश्मीर के दलितों-पिछड़ों का अधिकार छीनना चाहते हैं और यहां महाराष्ट्र में आकर दलितों-पिछड़ों से वोट भी मांग रहे हैं। राम मंदिर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि च्आज 9 नवंबर की तारीख है और ये 9 नवंबर की तारीख बहुत ही ऐतिहासिक तारीख है। आज के ही दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। 9 नवंबर की ये तारीख, जय श्रीराम। 9 नवंबर की ये तारीख इसलिए भी याद रखी जाएगी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, हर धर्म के लोगों ने, बहुत ही संवेदनशीलता का परिचय दिया। राष्ट्र प्रथम की यही भावना, भारत की बहुत बड़ी ताकत है।

## संस्कार सिटी कॉलेज ऑफएजुकेशन में दो दिवसीय युवा उत्सव आयोजित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शुक्रवार व शनिवार को कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने मां सरस्वती के चलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा उत्सव के अंतर्गत रंगोली, वाद-विवाद, मेहंदी, तात्कालिक भाषण, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, समूह गायन, सामूहिक लोक नृत्य, क्विज इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें रंगोली में ईश्वरी ने प्रथम स्थान व काजल साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी में प्रथम स्थान रानी प्रतिभा साहू व हिमानी स्थान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कोलाज में पायल सिन्हा प्रथम स्थान व रूपाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में विद्या साहू ने प्रथम स्थान व डिंपल कोमरे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## शहर के कारोबारी की मोहारा नदी में डूबने से मौत



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के त्रिपदा फोटोकॉपी प्रतिष्ठान से जुड़े रहे प्रतिष्ठित कारोबारी 57 वर्षीय सुनील ठक्कर पिता यशवंत भाई ठक्कर निवासी कैलाश नगर का आज शाम 4 बजे मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में डूबने से निधन हो गया। उनके निधन से शहर के उद्योग व्यापार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बसंतपुर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## खाटू वाले श्याम प्रभु का चार दिवसीय जन्मोत्सव का आगाज 10 नवंबर से

### श्री श्याम भरोसे परिवार का भव्य आयोजन, मेंहदी उत्सव के साथ होगा जन्मोत्सव का आगाज, श्री सुंदरकांड का पाठ करेंगे गणेश मिश्रा




**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय महोत्सव दिनांक 10 नवंबर से 13 नवंबर तक बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। 10 नवंबर रविवार को महोत्सव का शुभारंभ मेंहदी उत्सव के साथ होगा। श्री श्याम भरोसे परिवार की टीना खंडेलवाल, स्वाति लोहिया, वंदना अग्रवाल एवं सुनीता बावरिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 12 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन 10 नवंबर से 13 नवंबर तक संपन्न होंगे। श्री हनुमान श्याम मंदिर में 10 नवंबर को सुबह 11:00 बजे से श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाई जाएगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालु श्याम प्रेमी माता - बहनों से मेंहदी उत्सव में शामिल होकर अपने हाथो में श्याम नाम की मेहंदी रचवाने का आग्रह किया है, वहीं रात्रि 08:01 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा एवं साथियों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा। श्री श्याम भरोसे परिवार आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता -बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित चार दिवसीय महोत्सव में सम्मिलित होकर एवं तन - मन - धन से सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## नक्सल पीड़ित परिवारों द्वारा न्याय यात्रा कांकेर से गृहमंत्री निवास रायपुर तक निकाला जायेगा



**रायपुर।** न्याय यात्रा के सम्बन्ध मे जिला कांकेर मे प्रदेश के नक्सलवाद से पीड़ित परिवारों का सम्मेलन दिनांक 24/11/2024 को बस स्टैंड मेला ग्राऊंड कांकेर मे रखा गया है। प्रदेश के नक्सल पीड़ित परिवारों से निवेदन सम्मेलन मे आप सभी शामिल होने का कष्ट करे। प्रदेश स्तरीय सम्मेलन मे जिला बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, धमतरी, कांकेर, खैरागढ़, मानपुर, राजनांदगाव, जगदलपुर, गरियाबंद के पीड़ित परिवार शामिल होंगे.

## मांझीटोला में 12 नवंबर को भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम मांझीटोला (बांधाबाजार) मे देवउठनी के पावन अवसर पर संस्कार युवा मंडल, महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 12 नवंबर दिन मंगलवार को भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिस्पर्धा में सामूहिक डांस में 221 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है इसी तरह युगल डांस में 151 रुपए एवं एकल डांस में 121 रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 6001 रुपए,द्वितीय 4001 रुपए,तृतीय 2001 रुपए,चतुर्थ 1001 रुपए प्रदान किया जाएगा।इसी तरह से युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए,दिवतीय 2001 रुपए,तृतीय 1501 रुपए,चतुर्थ 1001 रुपए प्रदान किया जाएगा। एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए, द्वितीय 1501 रुपए,तृतीय 1001रुपए,चतुर्थ 701 रुपए प्रदान किया जाएगा. इसके अलावा बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट नृत्य के अलावा सदाबहार पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण यादव जिला पंचायत सदस्य बांधाबाजार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेशमा सुभाष परतेती सरपंच एवं मनसुख बसु ग्राम पटेल, विशेष अतिथि संजीव शाह पूर्व विधायक अंबागढ़ चौकी, गुलाब गोस्वामी भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजेश सिंघी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष,भारत भूषण राजपूत भाजपा महामंत्री, श्रीमती योग माया साहू जनपद सदस्य,शेषवरी धुर्वे जनपद सदस्य, मिलन सिंह परतेती,रमेश रामटेके ,परमेश्वर साहू प्रधान पाठक,अजय उसारे शिक्षक, चित्रांगन साहू संयोजक सत्यम ब्लड ग्रुप, श्रीमती भानुप्रभा नेताम होंगे।

## छत्तीसगढ़ की अनिशा साहू और गीता यादव नीदरलैण्ड और बेल्जियम में दिखाऐंगें जौहर

### प्रदेश की बेटियों ने बढ़ाया मान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन नीदरलैण्ड और बेल्जियम में खेले जाने वाले अभ्यास मैच के लिए किया गया है यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला एशिया कप 2024 व जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है इस 24 सदस्यी टीम में से ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन आने वाले समय में आयोजित होने वाले जूनियर महिला एशिया कप 2024 व जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए किया जायेगा। ज्ञात हो कि कु.अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है तथा गीता यादव हाल ही में जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है और उन्होने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है। छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया की हॉल ही में दिनांक 17 मई से 01 जूलाई तक आयोजित साइड टूर में कु.अनिशा साहू ने बेल्जियम,नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा किया था यह उसका दुसरा दौरा होगा जो जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। साथ ही गीता यादव ने बहुत कम समय में यह मुकाम हासिल की है जो 1वर्ष के भीतर ही टीम में अपना स्थान बनाते हुए नीदरलैंड और बेल्जियम का दौरा करेगी इसी के साथ ही अगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाली एच.आई.एल में भी अपना स्थान बनाया है वह दिल्ली एज जी पाइपर्स की टीम से खेलते हुए नजर आयेगी। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया की यह बढे ही गर्व का विषय है कि आज प्रदेश की दो बेटियां देश के लिए खेलने जा रही है गीता




यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहले वाली है वह शुरूवाती दौर में राजनांदगांव हॉकी स्टेडियम में हॉकी के गुण सीखी है तथा 3 वर्ष तक राजनांदगांव में रह कर हॉकी की बारीकियां सीखकर अपनी पहचान बनाई उसके बाद उसका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था।

दोनो ही खिलाडी विगत कई वर्षो तक छत्तीसगढ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकें है उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरावित है। अनिशा साहू और गीता यादव के नीदरलैंड और बेल्जियम टूर में चयन होने पर माननीय श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छ. ग. शाशन, श्री डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छ ग. शाशन,श्री टाँकराम वर्मा,श्री विक्रम सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ,श्रीमती तनुजा सलामे निर्देशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग,पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ,श्री अभिषेक सिंह ,महापौर श्रीमती हेमा देशमुख,श्री फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्री मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी, डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव,श्री हरिंदर सिंग, विनीत नावघरे,गोपेस्वर कहरा, राजेश मंडावी,,आशा थॉमस, नीलम चंद जैन,अमिताभ मानिकपुरी,गजेंद्र शर्मा,अंसार अहमद,जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन,कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया भुषण सॉव, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर) गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन,अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे अंतरराष्ट्रीय




हॉकी खिलाड़ी,अशोक नागवंशी, अनिल यादव, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब,दीपक यादव,आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर,योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, संतोष चोकन्द्रे,खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे,विकास वैष्णाव,चंद्रहास साहू,राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, किशोर धीवर,अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव,अभिनव मिश्रा, दीपेश चौबे,कृष्णा यादव सहित छत्तीसगढ़ के सभी हॉकी प्रेमियों और खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और अनीश साहू और गीता यादव को अच्छा प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## प्लांदुर के मारपीट में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

### पूर्व सरपंच मानिक वर्मा पर अपराध दर्ज., तालाब में गरी खेलने की शंका में ग्रामीण की पिटाई का मामला., पूर्व सरपंच के खिलाफ ग्रामीणों में रोष



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** चौकी मोहारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पलांदुर में पूर्व सरपंच मानिकलाल वर्मा द्वारा ग्रामीण युवक की बेदर्दी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है. लाठी डंडे से इस कदर पिटाई की गई है कि ग्रामीण भुवन गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया व सर पर गंभीर चोट आने की वजह से पेंड्रि स्थित मेडिकल कालेज रिफर किया गया जहाँ पर मेडिकल ड्यूटी डाक्टर की माने तो ग्रामीण के सिर पर 06 टाँके हाथ में 06 टाँके व एक हाथ की हड्डी टूटना बताया गया. वहीं दूसरी ओर 04 दिन पहले हुई मारपीट के बाद आरोपी के खुलेआम गांव में घुमने व गवाहों को डरा धमका कर प्रभावित करने के प्रयास में ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है. ग्रामीणों की माने तो चर्चा है कि मानिक वर्मा की दादागिरी फिर से चालू हो गई है. बेवजह ग्रामीण सुखदेव पिता सेवक विश्वकर्मा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है. ग्रामीणों की माने तो पूर्व सरपंच वर्मा ने सार्वजनिक तालाब के किनारे से निकल रहे एक ग्रामीण को बेवजह इसलिए पीट दिया कि उसे शंका हुई कि तालाब में शौच के बहाने मछली पकड़ने के लिए गरी खेल रहा था जिसके बाद लाठी डंडे से ताबड़तोड़ वार कर दिया गया जिससे सुखदेव गंभीर रूप से घायल हो गया.

पुलिस ने प्राथमिक तौर पर मारपीट की धारा 296, 115 2, 351 2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मोहारा चौकी प्रभारी ढालसिंह साहू ने बताया कि कल जिला अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति की डॉक्टरी रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार अन्य धारा जोड़कर आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। इस तरह बेवजह मारपीट की घटना को नजर अंदाज नहीं कर सकते।

**पूर्व में भी है मारपीट के मामले.**

ग्रामीणों की मानें तो पूर्व सरपंच श्री वर्मा के पूर्व में भी कई ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट के मामले है व चर्चा रही की अपने राजनीतिक प्रभाव के कारण छूट जाने से इसके हौसले बुलंद रहते है. ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी जमीन पर बने सार्वजनिक तालाब को फर्जी रूप से अपनी पत्नी व बच्चों के नाम पर कुटरचना कर चढ़ा लिया गया है जिसकी शिकायत पर मामला न्यायालय में लंबित है उसके बावजूद दादागिरी कर तालाब पर अघोषित रूप से कब्जा बना ग्रामीणों पर दबाव बनाया जाता है.

**उच्च स्तर की शिकायत पर लामबुद्ध हुए ग्रामीण.**



आए दिन मानिक वर्मा के द्वारा ग्रामीणों से मारपीट कर घायल कर देने से ग्रामीण आहत हो चुके है जिसकी उच्च स्तरीय शिकायत कर श्री वर्मा पर कठोर कार्यवाही को लेकर ग्रामीण लामबुद्ध दिखाई पड़ रहे थे.

## दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार



**राजनंदगांव (नादगांव टाइम्स) ।** पति को छोड़कर मायके में रह रही विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोपी को बसंतपुर थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में सलाखों के पीछे भेज दिया है आरोपी युवक प्रकाश राव कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरी नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। प्रार्थीया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बरगाही थाना लालबाग की रहने वाती जिसकी शादी सामाजिक रिति रिवाज के बरगाही निवासी से हुई थी। उसके पति से अनबन होने पर अपने ससुराल को छोड़कर सन 2017 में अपने मायके आकर किराये पर रह रही थी। उसी समय 2018 में मोबाइल के माध्यम से प्रकाश राव पिता मोहन राव उम्र 29 वर्ष निवासी गौरी नगर गली नं से बातचीत होने लगी तब प्रकाश राव ने प्रार्थीया को बोला मैं तुमसे प्यार करता हूं शादी करना चाहता हूँ। तुम्हारे बच्चों को पिता का नाम देना चाहता हूँ कहकर प्रार्थीया के साथ शारीरिक संबंध लगातार प्रार्थीया के साथ बनाते आ रहा है। जब प्रार्थीया शादी के लिए बोती तो प्रकाश राव मां बहन कि गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर तुमसे कौन शादी करेगा कहकर इनकार करते रहा प्रार्थीया को जाओ जो करना है कर लो कहकर धमकी देता रहा कि 07 नवम्बर 2024को प्रार्थीया की रिपोर्ट पर अप0 क0 490/2024 धारा 294,323,506,376(2)ह भाटवि0 मे विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मौहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शमी, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में आरोपी को जल्द से जल्द पकडने हेतु निर्देश देने पर थाना वसंतपुर प्रभारी श्री सत्यनारायण देवांगन द्वारा तत्काल टीम गठित कर लगातार आरोपी की पता तलाश किया जाकर आरोपी प्रकाश राव पिता मोहन राव उम्र 29 वर्षे साकिन गली न0 । गौरी नगर थाना कोतवाली पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकर करने पर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# सन सिटी की रंगोली...








राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महावीर सन सिटी सोसायटी में लगातार चौथे वर्ष अपने-अपने घर आंगन को रंगोली से दीपावली के पूर्व संध्या में सजाया गया।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र राजनांदगांव के विद्यार्थियों द्वारा किया गया अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम धामनसरा मे पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्याला एवं अनुसन्धान केन्द्र राजनांदगांव के र्क्ङ्क्ष के छात्रों द्वारा अधिष्ठिता महोदया डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन मे ग्राम धामनसरा में अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन कर उसके उपयोग तथा लाभ से अवगत कराया गया। इस उत्पादन प्रदर्शन के दौरान ग्राम धामनसरा के सरपंच श्री लोकेश गंगवीर तथा मुख्य किसान योगेंद्र वैष्णव तथा अन्य किसान शामिल हुए अजोला खेती के बारे में छात्र छात्राओं ने जानकारी दिया अजोला एक पौष्टिक चारा है इसमें प्रोटीन विटामिन खनिज लवण और एमीनो एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं अजोला खिलाने से पशुओं के दूध में वसा और वसा रहित प्रदार्थ बढ़ता है अजोला खिलाने से पशुओं का शारीरिक विकास अच्छा होता है और पशुओं में बांझपन की समस्या दूर होती है तथा पेशाब में खुन आने के समस्या दूर होती है अजोला की खेती करके किसान कम लागत अधिक बचत कर सकते हैं अजोला का इस्तेमाल जैव उर्वरक के रूप में किया जा सकता है अजोला की खेती से धान की फसल पैदावार



में बढ़ोतरी होती है अजोला के कारण धान के खेत में खरपतवार नहीं उगते अजोला की खेती से धान के खेत में सिंचाई के दौरान वाष्पीकरण की दर कम होती है अजोला मच्छरों के प्रजनन को रोकता है इसे मच्छर फर्न भी कहा जाता है अजोला उत्पादन के लिए तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है 15-20 सेंटीमीटर गहराई का गड्ढा बनाना चाहिए गड्ढे का आकार 4 मीटर लंबा और 1,5 मीटर चौड़ा होना चाहिए गड्ढे में प्लास्टिक शीट बिछाकर आस पास के पेड़ पौधे की जड़ों को गड्ढे में जाने से रोकना चाहिए गड्ढे में 15/15 किलोग्राम छनी हुई मिट्टी डालनी चाहिए इससे बाद 5 किलोग्राम गोबर और अजोफरट या एसएसपी को 10 लीटर पानी में घोलकर डालना चाहिए तब गड्ढे में पानी डालकर पानी का स्तर 8 सेंटीमीटर कर लेना चाहिए इनके बाद 1/2 किलो ग्राम ताजा और रोगमुक्त अजोला का बीज गड्ढे में डालना चाहिए अजोला 10 दिनो में पूरी तरह से बढ़ जाता है 20 दिनों पूर्ण रूप तैयार किया जा सकता है।

## दिग्विजय महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पुरा छात्र बैठक का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एलुमिनी बैठक प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशान व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमे भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण के दौरान महाविद्यालय के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि विभाग में सभी प्राध्यापको द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ तथा पढ़ाई के दौरान आने वाली कठिनाइयों का प्राध्यापकों द्वारा निराकरण किया गया। पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि जीवन मे आगे बढ़ने के लिए जिस प्रकार



पलकों की भूमिका होती है उसी प्रकार शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती हैं. पूर्व छात्रों ने यह भी आश्वस्त किया की भविष्य में विभाग में जो भी कार्यक्रम होंगे उसमे वे भरपूर सहयोग करेंगे. उक्त बैठक मे मुख्य रूप से भूतपूर्व छात्र - छात्रा डॉ. दुर्गा शर्मा, गीतांजलि साहू, उन्नति जैन, पूजा साहू, गुणवंत सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे। बैठक को विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर द्वारा संबोधित किया गया तथा संचालन श्री संजय सप्तर्षि धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमिता बक्शी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर डॉ. राजकुमार बंजारे व दीपक कुमार उपस्थित रहे।

## दिग्विजय महाविद्यालय में मुक्तिबोध जयंती पर व्याख्यान, पुस्तक विमोचन और सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में मुक्तिबोध जयंती के अवसर पर विशेष व्याख्यान, पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है. प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक को मुक्तिबोध सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान इसी साल से शुरू किया गया है।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस आयोजन में क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. राजेश पांडेय मुख्या अतिथि और नागपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित हैं. इस आयोजन में हिंदी विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक श्वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नारी विमर्शष् का विमोचन भी किया जायेगा. इस पुस्तक का सम्पादन डॉ. बी एन. जागृत और डॉ. प्रवीण कुमार साहू द्वारा किया गया है. कार्यक्रम 11 बजे प्रारम्भ होगा जिसमे राजनांदगांव सहित आसपास के साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है।

## दुधिया रौशनी में खेली जाएगी 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरव पथ में दिनांक 14 से 20 नवम्बर 2024 तक स्व. सुरजीत कौर भाटिया 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बहुत लंबे समय के अंतराल बाद राजनांदगांव में फ्लड लाईड में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त प्रतियोगिता में शहर की जानी मानी 8 स्थानीय टीमें भाग लेगी इसमें मूनलाइट, युथ क्लब,पैंथर्स क्लब,शहिद राधे मोतीपुर, लालबाग क्लब,एम सी इलेवन,सिटी क्लब,और दिग्विजय क्लब की टीमें शामिल है। उक्त स्पर्धा में भाग ले रही हॉकी टीमो में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी जिसमे कई सेवानिवृत्त हो चुके है तथा सीनियर और जूनियर खिलाड़ी शामिल रहेंगें। स्पर्धा लीग पद्धत्ति से खेली जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियो को सम्मानित किया जाएगा ।साथ ही फाइनल मैच के विजेता उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## रंग बसंत सुरगी के पांच कलाकार को मिला ठेठवार लझिया में कला रत्न सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मां लक्ष्मी युवा संगठन ठेठवार लझिया के तत्वावधान में आयोजित मातर महोत्सव का



आयोजन किया गया जिसमें लोक रिकार्डिंग डांस संस्था रंग बसंत सुरगी कि प्रस्तुति हुआ. जिसके पांच कलाकार को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया गोपाल यादव कार्यक्रम के संचालक, राकेश साहू सिघोलिया उदघोषक, राम यादव नृत्य कलाकार, कुसुम ठाकुर एवं पुजा यादव नृत्य कलाकार का सम्मान हुआ इनके सम्मान करते हुए समस्त आयोजक परिवार एवं आयोजक समिति के मुख्या बबलु खोबरागड़े ने बताया कि रंग बसंत परिवार सुरगी के लगातार क ?ई गांवों में प्रस्तुति रहता है साथ ही ऐ पांच कलाकार विशेष रूप से छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु देश के क ?ई राज्यों में अपना प्रस्तुति दिया है साथ ही क ?ई फिल्म एवं सार्ट फिल्म में काम किया है और कलाकारो ने सम्मान करते हुए गर्व महसूस किया ।

**शुभांक**

**1-3-0**

**350-8 179-7**

## फोर्थ स्टेट लेवल योगासन टूर्नामेंट : स्टेट योग आसन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में गायत्री विद्यापीठ अव्वल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में अव्वल रहा। विगत 26 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से 40 मेडल प्राप्त किये जिसमें 23 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर मेडल एवं 4 ब्रांज मेडल शामिल हैं। उक्त मेडल छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें शाला की योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू के मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया। सभी विजेता विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं- कक्षा 6वीं से प्रवेश देवांगन, नयन देवांगन, अनन्या राजपूत, जोया फातिमा, संध्या साहू, रेणु साहू, शिवानी पाण्डे, वैष्णवी वर्मा। कक्षा 7वीं से साहित्य देवांगन, उत्कर्ष निर्मलकर, चैतन्य चन्द्राकर, वैष्णवी रंगारी, यथार्थ कश्यप, अंतोरा मैती, अक्षरा गौतम, रागिनी भट्टाचार्य, आस्था साहू। कक्षा 9वीं से



आकृति महोबिया। कक्षा 10वीं से षिका गौतम, तान्या शर्मा। कक्षा 12वीं से मोहित सोनी। उक्त सभी विद्यार्थियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया एवं सभी को नियमित योग, ध्यान, प्राणायाम के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें यूँ ही निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू एवं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई।

## गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने किया च्चफायर स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने पुराना ढाबा चिखली में स्थित च्चफायर स्टेशनज्ज् का अवलोकन किया। जिसमें शाला के शिक्षकों के साथ लगभग 100 बच्चों का दल इस फायर स्टेशन को देखने पहुँचा। फायर स्टेशन के प्रमुख अधिकारी श्री अरूण कुमार सिंग एवं उनकी टीम द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को फायर स्टेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जहाँ बताया गया कि आग लगने पर आग पर नियंत्रण करने हेतु अग्नि शमन यंत्र कैसे कार्य करता है? अग्नि में घायल व्यक्ति को कैसे सहायता पहुँचाई जाती है, आग से बचने हेतु हम कैसी सुरक्षा अपना सकते हैं, बड़े स्तर पर अग्नि शमन दल कैसे कार्य करता हैं, और हम कैसे पीड़ितों की मदद कर सकते हैं? उक्त भ्रमण



बच्चों हेतु काफी रोचक एवं प्रभावी रहा। बच्चों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर जानकारी एकत्रित की। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास में उक्त जानकारी महत्वपूर्ण रही, जिन्हें बच्चों ने किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रयोग से भी सीखा। उक्त आयोजन हेतु गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## रा.से.यो. सात दिवसीय विशेष शिविर चांदो में बौद्धिक परिचर्चा



**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव की राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर ग्राम चांदो द्वितीय दिवस 7 नवबौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री फुलबासन बाई यादव, खिलेश्वरी साहू महिला उद्यमी (स्वयं सहायता समूह ), करुणा रावटे कार्यक्रम अधिकारी राजनांदगांव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच चुरामन नायक अन्य पंचायत प्रतिनिधिगण वरिष्ठ ग्रामीणजन, महिला समूह की ग्रामीण महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणजन ,समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत चांदो के तृतीय दिवस की बौद्धिक परिचर्चा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम ने की जिसमें बौद्धिक परिचर्चा के लिए विशेष वक्ता के रूप में भूपेंद्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग,डॉ.आर. पी.अग्रवाल पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक दुर्ग विश्व विद्यालय, डॉ.वीरेंद्र साहू बाल विकास परियोजना अधिकारी डोंगरगांव, जनभागीदारी समिति सदस्य महाविद्यालय डोंगरगांव रहे साथ ही डॉ. ए.के. धमगाए , गणेश कुमार नेताम की भी उपस्थिति रही! आज की बौद्धिक परिचर्चा में कुलसचिव ने जीवन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने अनुभव राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से साझा किया साथ ही डॉ. अग्रवाल सर ने बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं उसके महत्व पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीष दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वरिष्ठ भूपत सिंह साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कनिष्ठ शैलेश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में 09 नवंबर 2024 को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 11:00 बजे राष्ट्रीय विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। छात्र - छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के विषय पर तथा समाज एवं देश के विकास में महती भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया गया। आयोजित शिविर को संबंधित करते हुए में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनीश दुबे ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतू जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है तथा



उनके द्वारा पॉक्सो अधीनियम के विभिन्न धाराओं को विस्तार पूर्वक विद्यार्थियो को बताया गया । राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस दिवस को मनाने का उददेश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के लिए नि:शुल्क प्रवीण और कानूनी सेवाओं की पेशकश करना है, यह कमजोर वर्गों के लोगों को मुफ्त सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास भी करता है। पश्ताच न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भूपत सिंह साहू एवं शैलेश कुमार वशिष्ठ जी द्वारा घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा एवं नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे मे जानकारी प्रदान किया गया। शिविर की संचालन प्राचार्या महोदया ई. रेवती द्वारा शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा इस शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित रहे।

## 31 दिसम्बर तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छुट का लाभ लेने निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने करदाताओं से की अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में सतप्रतिशत राजस्व वसूली के लिये नगर निगम सुनियोजित आभियान चला रही है। राजस्व वसूली के लिये निगम का राजस्व अमला घर घर जाकर संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर की वसूली करने के अलावा निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में भी करो का भुगतान हेतु राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहते है। करदाताओं की सुविधा के लिये दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ दिया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ देने का प्रावधान है, जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा डोर टू डोर राजस्व वसूली करने के अलावा राजस्व कार्यालय में करदाताओं से करो की राशि ली जा रही है, ताकि उन्हें दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ मिल सके। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन लक्ष्य के अनुरूप सतप्रतिशत राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाकर राजस्व वसूली की जा रही है, जिसके लिये घर घर वसूली के अलावा बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया जा रहा है, इसी प्रकार दुकान किराये की वसूली के लिये भी बड़े बकायदारों को नोटिस दी जा रही है। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिये छुट का प्रावधान भी रखा गया है, जिसके तहत चालू माह नवम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट का लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

nandgaon times 10nov-4.qxd 11/9/2024 10:48 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने कौन सा एडवांस एआई मॉडल लांच किया है?*
*2) कौन-सा बैंक लगातार पांचवें वर्ष राज्य सार्वजनिक उपक्रमों और निगमों का प्रमुख ऋणदाता रहा है?*
*3) भारत में शीत मरुस्थल कौन-सा है?*
*4) महात्मा गांधी ने हिन्द स्वराज की रचना कब की थी?*
*5) हाल ही में किस राज्य ने लाचित बोरफुकन की प्रतिमा का अनावरण किया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) जेमिनी (2) केनरा बैंक (3) लद्दाख (4) 1908 में जहाज से इंग्लैंड से दक्षिण अफ्रीका यात्रा कर रहे थे (5) असम

## दिपावली मिलन

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वाधान के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संघ के द्वारा दिपावली मिलन समारोह का आयोजन दिनांक 10.11.2024 दिन-रविवार को स्थानीय शिव मंदिर सारथी पारा में मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनसुख सोनकर जी संघ अध्यक्ष होंगे। संघ के संयुक्त सचिव श्री मोहन सेन ने समस्त मण्डलियों के उस्ताद-मंत्रीगण, सदस्यों से अपील की है। इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होंगे।

## बाल कहानी

### भुलक्कड़ कुत्ता रजुआ और गिलहरी



रजुआ नाम का एक प्यारा.सा कुत्ता था ण् छोटे.छोटे झूलते चमहुए कानए छोटी.छोटी आँखें और छोटी ही एक पूंछण् वह दिनभर अपने मालिक के घर.आंगन में धमा.चौकड़ी करते रहता थाए कभी दरवाजे के सामने तो कभी बाड़ी मेंण् घर भर के लोग उसे बहुत प्यार करते थेण् पर रजुआ की एक कमजोरी यह थी कि वह भुलक्कड़ थाए बहुत जल्दी ही भूल जाता थाण् एक दिन की बात है कि जब रजुआ सुबह अपनी बिस्तर से उठा तो उसे याद आया कि कल घर के पिछवाड़े बाड़ी में एक हड्डी का टुकड़ा छोड़ दिया थाण् वह उसे खोजने दौड़ाण् बहुत देर तक बगीचे में दौड़ा पर याद नहीं कर पाया कि हड्डी कहाँ रखा थाण् तभी उसे एक तितली दिखाई दीए तो वह उसकी ओर आकर्षित हुआ और उसके पीछे पड़ गयाण् उसे लगा कि तितली उसकी पकड़ में आ जाएगीए पर ऐसा नहीं हुआण् वह तितली के पीछे दौड़ते हुए बहुत दूर निकल गया ण् तभी एक गिलहरी दिखाई पड़ीण् अब वह तितली को छोड़ कर गिलहरी के पीछे दौड़ने लगाण् गिलहरी उसे खूब मुर्ख बना रही थीण् कभी पेड़ पर चढ़ जाती तो कभी झाड़ी में छुप जातीण् रजुआ उसके पीछे दौड़ते.दौड़ते हांपने लगाण् यह देख कर गिलहरी उसे चिढ़ाने लगीण् अब रजुआ पूरी तरह भूल चुका था कि वह किस काम से बगीचे में आया थाण इसी बीच गिलहरी को भूख लगी तो उसे याद आया कि पिछले दिन उसने कुछ मूंगफली के दाने इसी बाड़ी में मिट्टी में दबा दिए थेण् वह अपनी मूंगफली के दाने को खोजने के इरादे से पेड़ से नीचे उतरी और मिट्टी कुरेदने लगीण् उसे जल्दी ही मूंगफली मिल गई जिसे वह कुतर कर खाने लगीण् गिलहरी को मूंगफली खाते देख रजुआ को भी याद आ गया कि उसने भी यहीं पर कल हड्डी का एक टुकड़ा झाड़ी में छुपा रखा थाण् उसने भी झाड़ी कुरेदना शुरू किया तो उसे हड्डी मिल गईण् वह बहुत खुश हुआ और गिलहरी को धन्यवाद देकर हड्डी चबाने लगाण् इसके बाद गिलहरी और रजुआ दोनों दोस्त बन गएण्

**( डॉ.श्रीमती अंजना ठाकुर )**
**प्राचार्य**
**शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय**
**राजनांदगॉव ( छ.ग. )**

# रत्नों के समान मूल्यवान है आंवला का फल

**अरविन्द तिवारी**



## आज आंवला नवमीं विशेष

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमीं यानि आज आँवला नवमीं मनायी जा रही है, इसे अक्षय नवमीं भी कहा जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये श्री सुदर्शन संस्थानम, पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने बताया कि श्रुतिस्मृति पुराणों के अनुसार आंवला नवमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन की गलियां छोड़कर मथुरा प्रस्थान किया था। इसी दिन उन्होंने अपनी बाल लीलाओं का त्याग करके कर्तव्य के पथ पर पहला कदम रखा था। इसी दिन से वृंदावन की परिक्रमा भी प्रारंभ होती है। आंवला नवमी का व्रत संतान और पारिवारिक सुखों की प्राप्ति के लिये किया जाता है। यह व्रत पति-पत्नी साथ में रखें तो उन्हें इसका दोगुना शुभ फल प्राप्त होता है। आज के दिन आंवले के पेड़ की विधिवत तरीके से पूजा कर इसी वृक्ष के नीचे सपरिवार भोजन किया जाता है। अगर आसपास आँवले का पेंड़ नही है और उसके नीचे भोजन करना संभव नही है तो आज के दिन आँवले के फल खाने का भी प्रावधान है। वहीं अक्षय नवमीं के दिन स्नान, तर्पण, अन्न दान तथा पूजा आदि करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने आगे बताया कि धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक आँवले के पेड़ में देवों के देव महादेव और भगवान विष्णु वास करते हैं इसलिये इसकी पूजा करने का खास महत्व है। कहा जाता है कि आँवले की पूजा करने से आरोग्य और सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आँवला नवमी के दिन पूजा करने और जप-तप, दान करने से अनंत गुना फल मिलता है। आँवला विष्णुप्रिय और साक्षात भगवान विष्णु का ही स्वरूप है। इसके स्मरण मात्र से गोदान के बराबर फल मिलता है, इसे स्पर्श करने पर दोगुना तथा फल सेवन करने पर तीन गुना फल मिलता है, यह फल सदा सेवन योग्य है। जो प्राणी इस वृक्ष का रोपण करता है, उसे उत्तम लोक की प्राप्ति होती है। आँवले का फल पौराणिक दृष्टिकोण से रत्नों के समान मूल्यवान माना जाता है। इस फल का प्रयोग कार्तिक मास से आरम्भ करना अनुकूल माना जाता है। इस फल के सटीक प्रयोग से आयु, सौन्दर्य और अच्छे स्वस्थ्य की प्राप्ति होती है। मात्र यही ऐसा फल है जो सामान्यत: नुकसान नहीं करता है। आंवला नवमी के दिन स्नान आदि करके किसी आंवला वृक्ष के समीप जायें और उसके आसपास साफ-सफाई करके आंवला वृक्ष की जड़ में शुद्ध जल अर्पित करें। फिर उसकी जड़ में कच्चा दूध डालकर षोडशोपचार पूजन सामग्रियों से वृक्ष की पूजा करें और उसके तने पर कच्चा सूत या मौली आठ परिक्रमा करते हुये लपेटें। कुछ जगह 108 परिक्रमा भी की जाती है। इसके बाद परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करके वृक्ष के नीचे ही बैठकर परिवार, मित्रों सहित भोजन किया जाता है।

**महत्व**- शास्त्रों में आँवला, पीपल, वटवृक्ष, शमी, आम और कदम्ब के वृक्षों को हिन्दू धर्म में वर्णित चारों पुरुषार्थ दिलाने वाला बताया गया है। इन वृक्षों की पूजा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा भक्तों पर बरसाते हैं। आंवला नवमी के दिन आंवला वृक्ष का पूजन कई यज्ञों के बराबर शुभ फल देने वाला बताया गया है। आँवला नवमी पर आँवले के पेड़ के नीचे पूजा और भोजन करने की प्रथा की शुरुआत माता लक्ष्मी ने की थी। कथा के अनुसार एक बार माँ लक्ष्मी पृथ्वी पर घूमने के लिये आयी। धरती पर आकर माँ लक्ष्मी सोचने लगीं कि भगवान विष्णु और शिवजी की पूजा एक साथ कैसे की जा सकती है ? तभी उन्हें याद आया कि तुलसी और बेल के गुण आँवले में पाये जाते हैं। तुलसी भगवान विष्णु को और बेल शिवजी को प्रिय है। उसके बाद माँ लक्ष्मी ने आँवले के पेड़ की पूजा करने का निश्चय किया। माँ लक्ष्मी की भक्ति और पूजा से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु और शिवजी साक्षात प्रकट हुये। माता लक्ष्मी ने आँवले के पेड़ के नीचे भोजन तैयार करके भगवान विष्णु व शिवजी को भोजन कराया और उसके बाद उन्होंने खुद भी वहीं भोजन ग्रहण किया।मान्यताओं के अनुसार आंवला नवमी के दिन अगर कोई महिला आँवले के पेड़ की पूजा कर उसके नीचे बैठकर भोजन ग्रहण करती है, तो भगवान विष्णु और शिवजी उसकी सभी इच्छायें पूर्ण करते हैं। इस दिन महिलायें अपनी संतान की दीर्घायु तथा अच्छे स्वास्थ्य लेकर कामना करती हैं। इस दिन आँवला नवमीं की कथा भी सुनी जाती है। मान्यता है कि इस कथा को सुनने से व्रत रखने वाली महिलाओं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है और माता लक्ष्मी भी उनके परिवार पर प्रसन्न होती है।

**आँवले के फल का विशेष प्रयोग**- अगर धन का अभाव हो तो हर बुधवार को भगवान को आँवला अर्पित करें। अगर उत्तम स्वास्थ्य चाहिये तो कार्तिक माह में आँवले के रस का नियमित प्रयोग करें। आँवले के वृक्ष के नीचे शयन, विश्राम और भोजन करने गोपनीय से गोपनीय बीमारियाँ और चिंतायें दूर हो जाती हैं। आँवले के फल को दान देने से मानसिक चिंतायें दूर होती हैं। आंवले का चूर्ण खाने से वृद्धावास्था का प्रकोप नहीं होता है। कार्तिक मास में आँवले को भोजन में शामिल करें अथवा आँवले के रस में तुलसी मिलाकर सेवन करें। कार्तिक में आँवले का पौधा लगाने से संतान और धन की कामनायें पूर्ण होती हैं, आँवले के फल को सामने रखकर कनकधारा स्तोत्र का पाठ करने से दरिद्रता दूर होती है। अगर कर्ज से परेशान हों तो घर में आँवले का पौधा लगाकर इसमें रोज सुबह पानी डालें।

### आंवला दान के प्रभाव से हुई स्वर्ण की वर्षा

आंवला को वेद-पुराणों में अत्यंत उपयोगी और पूजनीय कहा गया है। आंवला का संबंध कनकधारा स्तोत्र से भी है। एक कथा के अनुसार गुरूकुल में रहते हुये एक बार आदि शंकराचार्य भिक्षा मांगने एक कुटिया के सामने रुके। वहां एक बूढ़ी औरत रहती थी, जो अत्यंत गरीबी और दयनीय स्थिति में थी। शंकराचार्य की आवाज सुनकर वह बूढ़ी औरत बाहर आई, उसके हाथ में एक आमलकी फल (आंवला) था। वह बोली महात्मन मेरे पास इस आंवले के सिवाय कुछ नहीं है जो आपको भिक्षा में दे सकूं। शंकराचार्य को उसकी स्थिति पर दया आ गई और उन्होंने उसी समय उसकी मदद करने का प्रण लिया। उन्होंने अपनी आंखें बंद की और मंत्र रूपी कनकधारा स्तोत्र के बाईस श्लोक बोले। इससे प्रसन्न होकर मां लक्ष्मी ने उन्हें दिव्य दर्शन दिये और कहा कि इस औरत ने अपने पूर्व जन्म में कोई भी वस्तु दान नहीं की। यह अत्यंत कंजूस थी और कभी किसी को कुछ देना ही पड़ जाये तो यह बुरे मन से दान करती थी। इसलिये इस जन्म में इसकी यह हालत हुई है, यह अपने कर्मों का फल भोग रही है इसलिये मैं इसकी कोई सहायता नहीं कर सकती। शंकराचार्य ने देवी लक्ष्मी की बात सुनकर कहा - हे महालक्ष्मी इसने पूर्व जन्म में अवश्य दान-धर्म नहीं किया है, लेकिन इस जन्म में इसने पूर्ण श्रद्धा से मुझे यह आंवला भेंट किया है। इसके घर में कुछ नहीं होते हुये भी इसने यह मुझे सौंप दिया। इस समय इसके पास यही सबसे बड़ी पूंजी है, क्या इतना भेंट करना पर्याप्त नहीं है ? शंकराचार्य की इस बात से देवी लक्ष्मी प्रसन्न हुई और उसी समय उन्होंने गरीब महिला की कुटिया में स्वर्ण के आंवलों की वर्षा कर दी और महिला की कुटिया में सोने के आंवले बरसने लगे। अत: आंवला नवमी के दिन यह कथा पढ़ने और सुनने का बहुत महत्व माना गया है।

# छत्तीसगढ़ फिल्म ऑन की नई पहचान नई दिशा पहचान बनाने वाले निर्माता निर्देशक सतीश जैन जी का सम्मान



**भिलाई ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ फिल्म ऑन की नई पहचान नई दिशा पहचान बनाने वाले निर्माता निर्देशक सतीश जैन जी का सम्मान श्री सतीश जैन जी को किशोर साहू नेशनल अवार्ड छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मानित किए जाने पर समाजसेवी फिल्म दर्श क प्रशांत कुमा 'क्षीरसागर बधाई शुभकामनाएं दी उन्होंने कई सुपरहिट फिल्म बनाई है मोर छैया भुइयां टूरा रिक्शावाला माया देदे मायारू जैसी सुपरहिट फिल्म बनाई है दर्शकों की पहली पसंद एवं निर्माता निर्देशक जो भी फिल्म बनाते हैं वह सुपरहिट बनती है किशोर साहू सम्मान दिए जाने पर समाजसेवी दर्श क डॉ विजय शर्मा विजय गुड्डु ठेठवार फोटोग्राफर टिंकू सहारे ब्रह्मानंद राव नरेंद्र कुमार पंच किशोर साहू सम्मान पुरस्कार दिए जाने पर ब धा इ ' शुभकामनाएं फूल माला गमछा बधाई दी गई स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा सतीश जैन एक महान निर्माता निर्देशक है छत्तीसगढ़ के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैकमर्शियल ही नहीं, लीक से हटकर भी फिल्में फिल्मों के निर्माता-निर्देशक और हिंदी फिल्मों के लेखक सतीश जैन को किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान से नवाजा गया। बातचीत में जैन ने कहा कि यह पुरस्कार में अपने गुरु कीर्ति कुमार (गोविंदा के बड़े भाई) को समर्पित करना चाहता हूं, जिसने मैंने निर्देशन सीखा। साथ ही उन्होंने उन सभी कलाकारों का भी आभार जिनके राज्योत्सव में सतीश जैन का सम्मान करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल रामेन डेका, सीएम विष्णुदेव साय व अन्य। साथ मैंने काम किया। मोर छइयां भुइंया समेत कई फिल्में की, जो हिट साबित हुई हैं। जिनमें सभी कलाकारों ने अपना 100 प्रतिशत दिया है। उनके कामों का ही परिणाम है कि आज मुझे
यह सम्मान प्राप्त हुआ है। मेरे परिवार वालों का भी पूरा सहयोग रहा है। मेरी पत्नी, माता-पिता ने मुझे समझा। उनके त्याग और समर्पण का ही नतीजा है जो मैं आज इस सम्मान के काबिल बना हूं।

### ऐसी फिल्में बनानी हैं जो हर आदमी को कनेक्ट करें

अभी तक मैंने कमर्शियल फिल्में ज्यादा की है। आगे ऐसी भी फिल्में करना चाहता हूं जो क्रिटिक्स को भी पसंद आए। इस सम्मान के बाद अब में दोगुने जोश के साथ मेहनत करूंगा। कुछ ऐसी फिल्में करना चाहता हूं जो लोग हमेशा याद रखें।

### नहीं किया था आवेदन

जैन ने बताया कि राज्य अलंकरण पुरस्कार के लिए मैंने आवेदन नहीं किया था, बल्कि अभिनेता मनमोहन सिंह ठाकुर ने इसका प्रस्ताव दिया था, जिस पर मेरी सहमति थी। पद्मश्री अवॉर्ड को लेकर कहा अगर सरकार को लगता है कि मैं हकदार हूं तो मुझे जरूर मिलेगा। वैसे बहुत लोग हैं उन्हें भी मिलना चाहिए।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत साप्ताहिक सेवा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत - रामपुर में स्वच्छता ही सेवा के तहत साप्ताहिक सेवा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ.



कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन का मकसद देशभर में स्वच्छता और गांव में साफसफाई को बढ़ावा देना है. साथ ही साथ नागरिकों की सहभागिता ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ भारत मिशन के तहत होनी चाहिए तथा पेड़ लगाना और कचरा मुक्त वातावरण बनाने का लक्ष्य रखा गया। और साथ ही साथ हर घर से सुबह कचरा संग्रहण करने के लिए जाने वाली स्वच्छता दिदियो का सम्मान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य नारा हैं..

**एक कदम स्वच्छता की ओर**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरत लाल वर्मा जी प्रदेश महामंत्री भाजपा छत्तीसगढ़, गीता घासी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष राजनंदगांव, इंदुमती साहू सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव, मनीष कुमार साहू जनपद सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव , सुरुचि सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनंदगांव एवं समस्त जिला पंचायत के अधिकारी गण एवं जनपद पंचायत के अधिकारी गण उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# सुरक्षित डिजिटल भविष्य ये हैं भगवान विष्णु के प्रिय भोग, अर्पित करने से जीवन होगा खुशहाल



कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। यह तिथि विष्णु जी और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति के लिए उत्तम मानी गई है। अगर आप पूजा का पूर्ण फल प्राप्त करना चाहते हैं तो इस लेख में दिए गए भोग पूजा थाली में जरूर शामिल करें। इससे जातक को शुभ फल की प्राप्ति होगी। सनातन धर्म में एकादशी तिथि को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही अन्न, धन और वस्त्र का दान करना शुभ माना जाता है। कार्तिक माह में देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को सच्चे मन से करने से जातक के सभी पाप दूर होते हैं। साथ ही जीवन में खुशहाली आती है। देवउठनी एकादशी पर उपासना करने के बाद विष्णु जी को प्रिय भोग जरूर अर्पित करें। माना जाता है कि भोग लगाने से विष्णु जी और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। चलिए इस लेख में हम आपको बताएंगे कि देवउठनी एकादशी के भोग में किन चीजों को शामिल करना चाहिए?

**देवउठनी एकादशी 2024 शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 11 नवंबर को संध्याकाल 06 बजकर 46 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन 12 नवंबर को संध्याकाल 04 बजकर 04 मिनट पर होगा। इस प्रकार 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी है। इसके अगले दिन तुलसी विवाह का पर्व भी मनाया जाएगा।

**भगवान विष्णु के प्रिय भोग**

ऐसा माना जाता है कि देवउठनी एकादशी की पूजा थाली में में पंचामृत शामिल न करने से जातक शुभ फल की प्राप्ति से वंचित रहता है। इसलिए विष्णु जी को पंचामृत का भोग जरूर लगाएं। इससे विष्णु जी प्रसन्न होंगे। भोग में तुलसी के पत्ते शामिल जरूर करें। ऐसा माना जाता है कि तुलसी दल के बिना भगवान भोग स्वीकार नहीं करते हैं। विष्णु जी को पीला रंग प्रिय है। ऐसे में आप केले का भोग अर्पित कर जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। माना जाता है कि एकादशी के दिन केले का भोग लगाने से धन से संबंधित समस्या से मुक्ति मिलती है और कुंडली में उत्पन्न गुरु दोष दूर होता है।

**भोग मंत्र** देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर भगवान विष्णु को भोग लगाते समय नीचे दिए मंत्रों का जप करें। धार्मिक मान्यता है कि इस मंत्र के जप के द्वारा प्रभु भोग को स्वीकार करते हैं। गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ।। इस मंत्र का अर्थ यह है कि हे भगवान जो भी मेरे पास है। वो आपका ही दिया हुआ है। जो आपको ही समर्पित कर रहे हैं। कृपा करके मेरे इस भोग को आप स्वीकार करें।

### कार्तिक पूर्णिमा पर जरूर करें इन पूजन नियमों का पालन, दूर होगी आर्थिक तंगी



कार्तिक पूर्णिमा का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल कार्तिक मास की पूर्णिमा 15 नवंबर 2024 को मनाई जाएगी। ऐसा कहा जाता है कि इस मौके पर ज्यादा से ज्यादा दान-पुण्य करना चाहिए। इससे धन और दौलत में अपार वृद्धि होती है तो चलिए इस दिन से जुड़ी कुछ बातों को जानते हैं। कार्तिक पूर्णिमा हिंदुओं के बीच अत्यधिक धार्मिक महत्व रखती है। यह दिन भगवान विष्णु और चंद्रमा की पूजा के लिए सबसे शुभ और पवित्र दिनों में से एक माना जाता है। इस पावन दिन पर भक्त व्रत रखते हैं और भगवान सत्यनारायण की पूजा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा हर साल पूर्ण भव्यता के साथ मनाई जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और पूजा-पाठ करने से दोगुना पुण्य फल की प्राप्ति होती है, तो चलिए इस दिन से जुड़ी प्रमुख बातों को जानते हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा पूजन विधि** - सुबह जल्दी उठें और पवित्र स्नान करें। इस शुभ दिन पर भक्त स्नान के लिए गंगा घाटों पर भी जाते हैं। कहा जाता है इससे जीवन में खुशहाली आती है। इस दिन सत्यनारायण व्रत करना और भगवान विष्णु की पूजा करना शुभ माना जाता है। इस मौके पर कई लोग हवन/यज्ञ का भी आयोजन करते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं। इस तिथि पर गंगा घाटों के पास दीपदान करने अवश्य जाना चाहिए और मिट्टी का दीपक जलाना चाहिए। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु और भगवान शिव के मंत्रों का जाप करना बहुत ही फलदायी माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर धर्म ग्रंथ जैसे - भगवद गीता, रामायण और कार्तिक महात्म्य कथा अवश्य पढ़ना चाहिए। इस दिन शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने का भी विधान है। कार्तिक पूर्णिमा 2024 स्नान-दान शुभ मुहूर्त - हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 15 नवंबर को सुबह 06 बजकर 19 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 16 नवंबर को रात्रि को 02 बजकर 58 मिनट पर होगा। ऐसे में 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मनाई जाएगी।

nandgaon times 10nov-4.qxd 11/9/2024 10:48 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जिले के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में बच्चों के भविष्य को गढ़ने एवं तराशने का शिद्दत से किया जा रहा कार्य

**पीएमश्री योजना के तहत स्कूल का किया गया कायाकल्प, बच्चों की यह मुस्कान स्कूल के खुशनुमा माहौल को करती है बयां, फर्श पर सुन्दर टाइल्स तथा दीवारों पर की गई ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेंटिंग**






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा ही वह बुनियाद है जिस पर देश के नौनिहालों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है। इसके दृष्टिगत बच्चों के समग्र विकास के लिए भारत शासन द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना राजनांदगांव जिले के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में फलीभूत हो रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले में बच्चों के भविष्य को गढने् एवं तराशने का कार्य शिद्दत से किया जा रहा है। बच्चों की यह मुस्कान, पढ़ाई के प्रति उनकी लगन एवं स्कूल के खुशनुमा माहौल को बयां करती है। सर्वसुविधायुक्त स्कूल की परिकल्पना यहां सार्थक हुई है। यहां न केवल बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि बच्चों को पीएमश्री पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत लगभग 4 लाख 15 हजार रूपए की राशि से पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा का कायाकल्प किया गया। फर्श पर सुन्दर टाइल्स लगाएं गये है तथा दीवारों पर ज्ञानवर्धक खूबसूरत पेंटिंग की गई हैं। फर्नीचर एवं आकर्षक साज-सज्जा एवं प्रेरक माहौल से बच्चों को पढ़ाई के लिए उपयुक्त माहौल मिल रहा है। स्मार्ट क्लास में पढ़ते हुए बच्चों के बौद्धिक स्तर में वृद्धि हुई है। ग्रीन स्कूल की तर्ज पर स्कूल को विकसित किया गया है और स्वच्छ और हरे-भरे वातावरण के लिए पौधे रोपित किए गए हैं।

**दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पढ़ने के लिए करती हैं प्रेरित**

**ग्रीन स्कूल, स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मुस्कान पुस्तकालय, मध्यान्ह भोजन की सुविधा उपलब्ध**

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा में वर्ष 2023 में 82 हजार रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ। यहां बच्चों के लिए संगीत, विभिन्न खेल गतिविधियां तथा व्यक्तित्व विकास हेतु अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर फिल्टर लगाया गया है। स्कूल के प्रधान पाठक श्री भीखम दास साहू ने बताया कि वर्ष 2023 में शासकीय प्राथमिक शाला डुन्डेरा को पीएमश्री योजना के लिए चयनित किया गया। इस योजना के तहत केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग स्कूल में अच्छी तरह से किया जा रहा है। स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उनका स्वास्थ्य जांच भी कराया गया है। इस योजना के लिए चयनित होने के बाद स्कूल में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। गौरतलब है कि स्कूल में अभी पहली से पांचवीं तक 109 बच्चे अध्ययनरत है। यहां स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, म्यूजिक क्लास रूम, मध्यान्ह भोजन की सुविधा है। इसके साथ ही पीएमश्री मुस्कान पुस्तकालय भी है।

यहां दीवारों में उकेरी गई पेंटिग तथा प्रेरक पंक्तियां बच्चों को पढने् के लिए प्रेरित करती हैं। मिसाईल मैन एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियां एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है, जबकि एक अच्छा दोस्त एक लाईब्रेरी के बराबर होता है, जैसी प्रेरणादायक पंक्तियां लिखी हुई है। बच्चों के लिए पर्याप्त खेल सामग्री एवं म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध है। सोमवार से शनिवार तक दोपहर 1 बजे भोजन दिया जाता है। साथ ही बच्चों के लिए खेल सामग्री भी प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 11 पीएमश्री स्कूल हैं। जहां बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# कुलबीर सिंह छाबड़ा राजनीति के कच्चे खिलाड़ी - राजेंद्र गोलछा

## कहा - दर्पण के सामने खड़े होकर अपने बारे में सोचें



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस के पार्षद से लेकर महापौर, विधायक और सांसद पद तक के दावेदार रहने वाले कुलबीर सिंह छाबड़ा आज तक राजनीति के कच्चे खिलाड़ी बने हुए हैं। उनकी सोच और समझ की संकीर्णता यह बताती है कि वह बार-बार असफल क्यों होते रहे हैं। यह बात भाजपा के फायर ब्रांड नेता राजेंद्र गोलछा कही है। उल्लेखनीय है कि श्री गोलछा कभी-कभी ही राजनीतिक बयान बाजी करते हैं लेकिन वह चर्चा का विषय बन जाती है। जिला भाजपा के महामंत्री राजेंद्र गोलछा नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के द्वारा हलिया प्रेस कॉन्फ्रेंस मे डॉ. रमन सिंह को बदनाम करने के कुत्सित प्रयास पर करारा पलट वार किया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डॉ. रमन सिंह को डॉक्टर आदि की व्यवस्था नहीं कर पाने के लिए आरोप लगाया है। जो की गलत है। श्री गोलछा ने आगे कहा कि डॉ. रमन सिंह के प्रयास से ही राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुविधा मिली है। जो राजनंदगांव बालोद सहित और भी कई जिले के मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। राजेंद्र गोलछा ने कुलबीर द्वारा भाजपा में गुटबाजी की बात कहे जाने का विरोध करते हुए कहा कि अगर ऐसा होता तो राजनांदगांव में डॉ. रमन सिंह बार-बार विजय पताका नहीं फहराते उनकी लोकप्रियता कितनी है। यह कुलबीर सिंह को भी पता है यह बात अलग है कि श्री छाबड़ा प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल के जिम्मेदार पदाधिकारी होने के कारण आसत्य बयान बाजी करना उनकी मजबूरी है। सत्य को स्वीकार करते हुए यदि जनहित में कुछ अच्छा सुझाव भी रखते तो डॉक्टर साहब सहित भाजपा उनके सुझावों पर विचार करती लेकिन भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी करना उनकी आदत में शुमार है। आए दिन कोई ना कोई बयान बाजी कर अखबार और टीवी के सुर्खियों पर बने रहना उन्हें अच्छा लगता है। लेकिन राजनांदगांव सहित प्रदेश की समझदार जनता जानती है। डॉ. रमन क्या है और कुलबीर सिंह छाबड़ा क्या है। पार्षद के अलावा विधानसभा की भी टिकट ले आते तो भी पता चलता है कि वह कितने लोकप्रिय है नगर निगम में सहित शहर में कांग्रेस गुट बाजी किसी से छिपी नहीं है और अखबारों में भी छप चुका है कि कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े गैंग है। इस सत्य को कुलबीर सिंह छाबड़ा चुपचाप स्वीकार करें।

# नवंबर माह की मासिक सैनिक बैठक एवं दीपावली मिलन संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला



राजनांदगांव की मासिक सैनिक बैठक दिनांक 09 नवंबर 2024 को नवंबर माह की मासिक सैनिक बैठक के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें जिला परिषद राजनांदगांव के पदाधिकारियों एवम् सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।बैठक की शुरुआत श्री अशोक कुमार झा ( वारंट ऑफिसर)की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । जिसमें परिषद द्वारा संचालित बहु आयामी कार्यक्रमों की जानकारी दिया गया।

# अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ 13 से




**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** भगवान श्रीराम के वंशज सुर्यवंशी भगवान श्री अग्रसेन जी अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग सीजन -6 का भव्य शुभारंभ दिनांक 13 नवंबर 2024 को होने जा रहा है। इस आयोजन में राजनांदगांव के सनग्रुप के रचित शशांक अग्रवाल प्रमुख प्रायोजक बनाये गये। उप प्रयोजक के रूप में श्री लोहिया ग्रुप और सत्या बिल्डकॉन स्टैण्डींग पार्टनर है। ट्राफि पार्टनर आर.एस. फुड , टि-शर्ट पार्टनर श्री हरिप्रसाद अनुराग अग्रवाल, वी.आई.पी. बॉक्स पार्टनर राधाकृष्णा एजेसी, डिजीटल पार्टनर आर्शीवाद टूरस एण्ड ट्रेवल्स पार्टनर, फुड पार्टनर गोयल केटरिंग एण्ड मेनेजमेंट, सिक्स बाउण्ड्रीस पार्टनर कमल राईस मिल, फोर बाउण्ड्रीस श्याम टेऊडर्स, बेवरेज पार्टनर प्रिया होजियारी, चिकित्सा पार्टनर सुरेश राईस मिल, विकेट पार्टनर साईनाथ प्लास्टिक, पावरड बाय अग्रवाल बेरिंग एण्ड मिल्स स्टोर्स भारती इन्टप्राईजेस, अग्रवाल फुड एण्ड, अकांक्षा फाईनेंस, सिंघल एसोसियेट, ओपनिंग सेरेमनी 13 नवंबर को मुख्य अतिथि विनोद लोहिया चेयरमेन लोहिया ग्रुप, गेस्ट आफ ऑनर संजय अग्रवाल कलेक्टर एण्ड मोहित गर्ग, संतोष अग्रवाल समाजसेवी, अध्यक्षता श्री शरद अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा राजनांदगांव, अनुराग अग्रवाल श्री हरि ग्रुप राजनांदगांव, प्रिमियर लीग कार्यकारिणी अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल, सचिव तपन जिंदल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल उपाध्यक्ष कृष्णा लोहिया, दिव्यांश अग्रवाल, सह सचिव भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल , सीए नमन अग्रवाल,। अग्रसेन प्रिमीयर लीग सीजन -6 में कुल छः टिम भाग लेगी जिसमें 66 खिलाडीयों का चयन किया गया है टिम इस प्रकार से है - गोयल दाल मिल, श्री राम इण्ड्रीज, श्री राधे मिन्लस, सुरेश ब्रदर्स, अपना मार्ट, फस्र्टक्रा इन्टेटुल्स।अतुल अनुराग सीए विनोद एवं अर्चित अग्रवाल ने बताया कि दुधिया रोशनी में खेले जाने वाला यह खेल 13 नवंबर से 17 नवंबर तक शिवनाथ वाटिका में 5 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकास गोयल आशीष अग्रवाल, अक्षि अग्रवाल, निकुंज सिंघल डॉ. शिरीष अग्रवाल, मयंक रूगंटा, गौरव अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंकित लोहिया, सौरभ सिंघल, सिद्धार्थ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल के एक माह के अथक प्रसास से इस आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयासरत है। सभी अग्रवाल समाज के सम्मानित सदस्यों से एवं खेल प्रेमी जनता से अनुरोध है कि इस अयोजन के सहभागी बन आयोजन को सफल बनाये।

# सिंघोला सरपंच मुकेश साहू को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सिंघोला मां लक्ष्मी युवा उत्सव समिति शक्ति चौक एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बीते



दिनों में ग्राम सिंघोला में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा दुर्ग की शानदार प्रस्तुति हुई कार्यक्रम संचालक एवं गायक दुष्यंत हरमुख एवं रिंकी देवांगन की आवाज में शानदार दर्शकों का मन मोह लिया.शानदार गीतों के माध्यम से जनमानस को अच्छी प्रेरणा मिली।आयोजक समिति द्वारा रंग झरोखा के संचालक एवं गायक दुष्यंत हरमुख, एवं ग्राम पंचायत सिंघोला के सरपंच मुकेश कुमार साहू, उपसरपंच मोतीलाल साहू को पुष्पमाला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।आयोजक समिति खूबलाल साहू, पुष्पेंद्र साहू, राकेश साहू सिंघोलिया, रेखराम साहू, लेखराम साहू, नम्मूलाल साहू, डोमार साहू, रोशन साहू, अनिल साहू,विनय साहू, बृजेश देवांगन, मितेश साहू,राजकुमार साहू,भूपेंद्र साहू,माखन साहू, मनीष साहू,दिनेश साहू, कमलेश साहू,भागीरथी साहू, यशवंत साहू, त्रिलोक चंद्र पप्पू,तामेश्वर पप्पू, जितेश्वर साहू, रवि साहू, दुलेश्वर साहू,जितेंद्र यादव, मोहर सिंह,किशन साहू, युवराज साहू, गिरधारी साहू, तेजराम साहू, विजय साहू, सुनील साहू,चुरेंद्र साहू, पंकज साहू,समीर साहू, हरीश साहू सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।


# युवा जागृति मंच द्वारा मनाया गया गोपाष्टमी




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के युवाओं द्वारा शनिवार को गोपाष्टमी पर्व पर गौ माताओं की पूजा अर्चना की गई युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि आज मंच के सदस्य द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर गौ माता की पूजा अर्चना कर गौ माता को ग्रास और रोटी तथा गुड खिलाई गई गोपाष्टमी के दिन गौमाता का विशेष पूजन भी किया किया गया श्री साहू ने गोपाष्टमी की महिमा बताते हुए कहा कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी तिथि कहा जाता है स्कंद पुराण के अनुसार गौ माता में सर्व तीर्थों और सर्व देवताओं का निवास बताया गया है कि देशी गाय के दर्शन से पवित्रता आती है पापो का नाश होता है गाय की चरण रज का तिलक करने से भाग्य की रेखा बदल जाती है गाय की परिक्रमा करने से मनोकामना सिद्धि होती है धन स्थिर होता है तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है युवा जागृति मंच के सभी सदस्यों द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से सभी गौ पालको से निवेदन किया जाता है कि अपने पशुओं को गौ शाला या घर पर सुरक्षित रखे सड़को में घूमने व बैठे रहने देने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है जिसमे पशुओ के साथ साथ आम जन मानस को भी जान जोखिम में डालने का नुकसान होता है,,इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, गौरव मंत्री,भारत देवांगन,हरीश साहू,ललित आदि उपस्थित थे उक्त जानकारी जिला सहसंयोजक आदित्य पराते ने दी।

# जो धर्म और नीति के अनुसार चलेगा वहीं उत्तम स्थान को प्राप्त कर सकेगा......

**लखराम ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारतवर्ष के



तत्वाधान में लखराम में आयोजित भागवत कथा में परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने आज ध्रुव चरित्र और वामन अवतार की कथा बताए, गुरुजी यह बताएं कि जो सुंदर नीति, नियम ,सिस्टम ,गुरुवाणी से चलता हैं वह सुनीति होती है और जो अपने इच्छा से अपने मतलब से अपनी रुचि के अनुसार चलता हो वह सुरुचि है हम सब अधिकतर सुरुचि ही होते हैं नियम सिस्टम धर्म सब छोड़ देते हैं जो सुरुचि के अनुसार चलता हो वह उत्तम स्थान नहीं प्राप्त कर सकता नाम भले ही उत्तम हो और जो धर्म नीति के अनुसार चलेगा वह उत्तम स्थान प्राप्त कर सकेगा ।5 वर्ष का बालक तपस्या कर रहा है , रस, रूप, गंध, स्पर्श ,शब्द यह हमारे पांच अंदर की पांच इंद्रियां है,जंगल में जाना अर्थात एकांत होना। हम सब के अंदर भी ध्रुव विद्यमान है, हमें सुनीति के अनुसार चलने की आवश्यकता है।

# आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण



/ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव श्री हेमंत रात्रे के नेतृत्व में तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष /न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छुईखदान श्री व्यास के द्वारा श्यामपुर मे उपस्थित ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है तथा भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com